CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



अनुवादक
चिरंजीव दास

जयदेव कृत

गीत गोविन्द

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

આદરણીય વાત્સ્યાયનજી

જોગ

સ્નેહ

13.12.76

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गीत-गोविन्द

मूल

जयदेव

अनुवाद

चिरंजीव दास

प्रकाशक

वासन्ती प्रकाशन

रायगढ़ (म० प्र०)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

© सर्वाधिकार अनुवादक के अधीन

प्रथम संस्करण : १९६९

मूल्य : ४.०० रु०

प्रकाशक
वासन्ती प्रकाशन
रायगढ़ (म० प्र०)

मुद्रक
दुर्गा प्रिंटिंग वर्क्स
दरेसी २, आगरा–४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्वदीयं वस्तु गोविन्द !
तुभ्यमेव समर्पयेत्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुखबन्ध

गीत-गोविन्द जयदेव का विश्व-विश्रुत महाकाव्य है। संस्कृत साहित्य में इस महाकाव्य का अपना विशिष्ट स्थान है। जयदेव ने अपने को 'पण्डित कवि', 'कविनृप' आदि कहकर वर्णित किया है। प्रथम सर्ग के चतुर्थ श्लोक में उन्होंने अपने को उमापतिधर, शरण, गोवर्द्धनाचार्य और धोयी कवियों की तुलना में श्रेष्ठ कहा है। इसी तरह ग्रन्थ के अन्तिम श्लोकों में भी उन्होंने अपनी काव्य-कला का प्रशंसापूर्ण विज्ञापन किया है। गीत-गोविन्द के पाठकों को इन गर्वोक्तियों में अतिशयोक्ति की झलक नहीं दिखती।

जयदेव, जो बारहवीं शताब्दी में हो गए हैं, संस्कृत साहित्याकाश के अन्तिम देदीप्यमान नक्षत्र थे।

गीत-गोविन्द की भाषा, रचनाभंगि, स्वरमाधुर्य और शब्द-विन्यास सब जयदेव के अपने हैं। यदि गीत-गोविन्द न होता तो कोई यह विश्वास न करता कि संस्कृत में भी ऐसे ललित-मधुर गीतों की रचना हो सकती है।

गीत-गोविन्द की कथा-वस्तु बहुत छोटी-सी है। भगवती राधा भगवान् कृष्ण चन्द्र के प्रेम में व्याकुल होकर सघन कांतार में उनका अन्वेषण कर रही हैं। उनकी पीड़ा बढ़ जाती है। इसी समय सखी उन्हें दूर से कृष्ण को दिखाती है और कहती है कि किस तरह वे गोपियों के साथ रासक्रीड़ा में तन्मय हैं। राधा भगवान् को पाने के लिए आतुर हो उठती हैं। इधर भगवान् भी राधा को पाने हेतु उत्कण्ठित हो जाते हैं। वे समस्त गोपियों को त्याग कर उन्हें ढूँढने लगते हैं। पर वे इतना शीघ्र उन्हें कहाँ प्राप्त कर सकेंगे ? तृतीय से सप्तम सर्ग तक सखी द्वारा एक-दूसरे को मिलाने की चेष्टा चलती है। अष्टम सर्ग में भगवान् राधा के सम्मुख उपस्थित होते हैं किन्तु वे उनके द्वारा प्रताड़ित होकर चले जाते हैं। नवम सर्ग में सखी राधा को मनाती है। दशम सर्ग में भगवान् स्वयं उनका मान-भंग करते हैं। एकादश सर्ग में जाकर भगवान् राधा को पाने में सफल होते हैं। द्वादश सर्ग में कवि दोनों का पूर्ण मिलन साधित कर ग्रन्थ का उपसंहार करते हैं।

जयदेव ने ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही यह बता दिया है कि कौन गीत-गोविन्द को पढ़ने का अधिकारी है। जिसका मन हरि-स्मरण से सरस हो जाता है तथा जो विलास-कला में कुतूहली है वही इस कोमलकान्त पदावली को सुनने का अधिकारी है। यदि किसी में ये दोनों बातें नहीं हैं तो वह गीत-गोविन्द का रसास्वादन नहीं कर सकता। गीत-गोविन्द कई स्थानों में अश्लीलता से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ग्रस्त है। यदि पाठक भगवान का भक्त नहीं है तो वह अश्लीलता के प्रभाव से बच नहीं सकता और यदि वह विलास-कला का प्रेमी नहीं है तो वह गीत गोविन्द का रसपान कर मुग्ध नहीं हो सकता।

जयदेव के जन्म-स्थान के बारे में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। जयदेव ने स्वयं अपना जन्म-स्थान केन्दुविल्व ग्राम बताया है। किन्तु इस नाम का एक ग्राम बंगाल के वीरभूम ज़िले में और एक उड़ीसा के पुरी ज़िले में है। इसलिए बंगाल और उड़ीसा दोनों ही जयदेव पर अपना दावा करते हैं। 'भक्तमाल', 'अलंकारशेखर' आदि प्राचीन ग्रन्थों में उनका जन्म-स्थान उत्कल ही बतलाया गया है। उनका जन्म-स्थान चाहे कोई भी हो, यह निर्विवाद है कि जयदेव पुरी में दीर्घकाल तक रहे, पुरी में ही पद्मावती नाम्नी कन्या से उनका विवाह हुआ, पुरी में ही उन्होंने श्री श्री जगन्नाथ को अपना गीत-गोविन्द समर्पित किया, पुरी की राजसभा में उनका सम्मान हुआ और पुरी से ही उन्होंने वृन्दावन को प्रस्थान किया। एक और बात जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है वह यह है कि पुरी के राजा ने श्री श्री जगन्नाथ मन्दिर में प्रत्यह गीत-गोविन्द के गायन की अनुमति दी। बाद में जब महाप्रभु चैतन्य ने पुरी के राजा से श्री श्री जगन्नाथ मन्दिर में प्रतिदिन अपना कीर्त्तन करवाने की माँग की तो यह माँग इसलिये अस्वीकार कर दी गई कि चैतन्य पुरी के राजा की प्रजा नहीं थे। उड़ीसा के शिल्प, साहित्य, भाषा, संस्कृति या यों कहिए कि इस प्रदेश की समग्र चेतना पर गीत-गोविन्द का जो प्रभाव पड़ा है वह आज तक अमिट है। ओड़िशी नृत्य और गीत-गोविन्द का अभिन्न सम्बन्ध है। ग्रामांचलों में भी ग्रामीण नृत्यकार जो संस्कृत से अनभिज्ञ हैं और ओड़िशी का स्थूल प्रदर्शन ही कर सकते हैं, गीत-गोविन्द के अष्टपदियों पर आधारित नृत्य करने में अपना गौरव समझते हैं। उड़ीसा में गीत-गोविन्द के इस व्यापक प्रभाव को देखते हुए यह स्वाभाविक-सा लगता है कि जयदेव का जन्म पुरी ज़िले में हुआ हो। किन्तु एक बात जो इस धारणा को शंकास्पद बना देती है वह यह है कि प्रथम सर्ग के चतुर्थ श्लोक में जयदेव ने अपनी तुलना जिन कवियों से की है वे सब बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन की राजसभा के समासद थे। तब प्रश्न उठता है क्या जयदेव स्वयं इस राजसभा के सभासद थे? इसका एक समाधान इस प्रकार हो सकता है। जयदेव के काल में पुरी न केवल चार धामों में से एक थी वरन् एक महान् सांस्कृतिक केन्द्र भी थी। भारत के कोने-कोने से संत, महात्मा, कवि और धर्माचार्य वर्ष-प्रतिवर्ष वहाँ एकत्रित होते थे। बंगाल के और दाक्षिणात्य से संत महात्मा विशेष रूप से पुरी में एकत्रित होते थे। ये विद्वान् पुरी की राजसभा में आदृत भी होते थे। यह सम्भव है कि जयदेव ने जिन समसामयिक कवियों से अपनी तुलना की है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उनसे उनका सम्पर्क पुरी में ही हुआ हो। यहाँ इतना और लिख देना अप्रासंगिक न होगा कि सन् १२०१-१२०२ में लक्ष्मणसेन खिलजी सैन्य द्वारा परास्त हो गये और उनकी राजसभा भंग हो गई। तब गोवर्द्धनाचार्य जो आर्यासप्तशती के रचयिता हैं अपने भाई उदयनाचार्य के साथ उड़ीसा चले आये। उदयनाचार्य ने गीत-गोविन्द पर टीका लिखी है।

भारतीय वाङ्मय में राधा का प्रवेश अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। छांदोग्य उपनिषद् में भगवान् कृष्ण का उल्लेख इस प्रकार हुआ है—

'तद्धैतद् घोर आंगिरसः कृष्णाय
देवकीपुत्रायोक्त्वोवाच'

—छांदोग्य उपनिषद् ३.१७.६

पाणिनि (ईसा-पूर्व सप्तम-अष्टम शताब्दी) ने भी वासुदेव कृष्ण का स्मरण किया है; यथा—

'वासुदेवार्जुनाभ्यां वुन्'

—पाणिनि ४.३.९८

बौधायन (ईसा-पूर्व सप्तम शताब्दी) के गृह्यसूत्र में **'ओं नमो भगवते वासुदेवाय'** मंत्र का उद्गायन किया गया है।

इस तरह हम देखते हैं कि भारतीय जनमानस में वासुदेव कृष्ण या देवकी-नंदन कृष्ण युग-युगों से प्रतिविम्बित रहे हैं किन्तु इस विशाल प्राचीन साहित्य में हमें राधा का प्रतिविम्ब कहीं नहीं दिखायी देता। यहाँ तक कि 'श्रीमद्भागवत' में भी राधा की चर्चा नहीं है। प्राचीन पुराणों में हरिवंश-पुराण में केवल एक ही स्थान में राधा का उल्लेख है किन्तु जिस श्लोक में यह उल्लेख है वह भी प्रक्षिप्त-सा लगता है। ब्रह्मवैवर्तपुराण जिसमें राधा का स्पष्ट एवं विशद वर्णन है अपेक्षाकृत बहुत ही अर्वाचीन है। विद्वानों का मत है कि राधा की कल्पना पहले पहल बारहवीं शताब्दी में कृष्ण भक्तों द्वारा की गई। जिस प्रकार शाक्तों के शिव के लिए शक्ति और सांख्यों के पुरुष के लिए प्रकृति ह्लादिनी शक्ति के रूप में उपलब्ध थीं उसी तरह वैष्णवों ने कृष्ण के लिए ह्लादिनी शक्ति के रूप में राधा की अवतारणा की। इस तरह राधा को हम वैष्णवों की मानस-पुत्री कह सकते हैं। जो कुछ भी हो अब स्थिति यह है कि हम कृष्ण-विहीन राधा की या राधा-विहीन कृष्ण की कल्पना तक नहीं कर सकते।

अन्त में इस अनुवाद के सम्बन्ध में दो शब्द। गीत-गोविन्द १२ सर्गों में विभाजित है। उसमें कुल मिलाकर ९२ श्लोक और २४ गीत—प्रत्येक सन्दर्भ में एक—हैं। गीत-गोविन्द जितना ललित-कोमल है उतना ही पाण्डित्यपूर्ण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और दुरूह है। हिन्दी या किसी भी भाषा में उसका पद्यानुवाद सहज नहीं है। जब मैंने पहले-पहल यह कार्य हाथ में लिया तब मुझे आशा नहीं थी कि यह कार्य पूर्ण हो सकेगा। बीच में कई बार निराश भी होना पड़ा। किन्तु हरि की प्रेरणा या कहिये इच्छा से यह कार्य पूर्ण हो सका। अनुवाद कितना सफल हुआ है इसका निर्णय तो सुधी पाठक ही करेंगे। किन्तु अनुवाद के लिए मैंने जो कुछ सिद्धान्त स्थिर किए उन्हें यहाँ स्पष्ट कर देना आवश्यक है। जहाँ तक गीतों का सम्बन्ध है मेरा प्रयास यही रहा है कि उनका अनुवाद यथासम्भव मूल गीतों के छन्दों में हो। किन्तु श्लोकों के अनुवाद के लिए मैंने स्वतन्त्र छन्दबन्धों का उपयोग किया है। इसका कारण यह है कि मूल श्लोक संस्कृत वार्णिक वृत्तों में हैं और हिन्दी में वार्णिक वृत्तों का उपयोग न केवल कठिन वरन् अनुपयुक्त भी है। जहाँ तक भाषा का प्रश्न है मैंने उसे यथासम्भव गीत-गोविन्द की भाषा के सन्निकट—और अवश्य ही हिन्दी से दूर—रखा है। मैं समझता हूँ इससे गीत-गोविन्द की मूल झंकार की रक्षा हुई है। भाषा के अधिक हिन्दीकरण द्वारा शायद यह सम्भव न होता।

अन्त में मैं उन समस्त बन्धुओं को अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने इसके प्रकाशन के लिए मुझे प्रेरणा और सहायता दी।

बिलासपुर (म० प्र०)
नागपंचमी, संवत् २०२६
१८-८-१९६९

—चिरंजीव दास

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रथम सर्ग

सामोद दामोदर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"मेघों से मेदुर अंबर, वन-भू तमाल से श्यामल,
रात्रि काल, हरि भीरु, राधिके ! पहुँचा दो इसको घर"
ऐसा नन्द-निदेश पा चले पथ-कुंजों में निर्भय
यमुन-तट-कृत राधा-माधव-रहस-केलियों की जय. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हृदय-मंदिर में कि जिसके चरित चित्रित भारती के,
चक्रवर्त्ती चारणों का पदों के पद्मावती के —
कृष्ण की रति-केलि-क्रीड़ा की कथा से युक्त निर्भर
है रचा जयदेव कवि ने यह प्रबंध पुनीत सुंदर. २.

...

हरि-स्मरण में यदि सरस मन,
यदि विलास - कला - कुतूहल
तो सुनो जयदेव - वाणी
मधुर पद ये कांत कोमल. ३.

...

काव्य रचते पल्लवित कर
उमापतिधर,
द्रुत दुरूह प्रबंध रचकर
श्लाघ्य हैं चिर शरण कविवर,
आदि-रस-कविता-कृती आचार्य गोवर्द्धन न कोई
है प्रतिस्पर्धी कि जिनका और श्रुतिधर सुकवि धोयी,
एक ही जयदेव ऐसे सुकवि पंडित
भारती जिनसे सभी विधि शुद्धि-मंडित. ४.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रथम संदर्भ

दशावतार स्तोत्र

प्रलय - पयोधि - सलिल धर वेद सुपावन,
विहित - वहित्र - चरित मन - भावन,
केशव ! धृत-मीन-शरीर ! जय जगदीश हरे !. १.

क्षिति अति विपुल पृष्ठ पर पूर्ण प्रतिष्ठित,
धरणि - धरण-व्रण - चिह्न सुशोभित,
केशव ! धृत-कच्छप-रूप ! जय जगदीश हरे !. २.

प्रभु ! तव दशन-शिखर पर धरणी स्थित यों
शशि पर मलिन कलंक-कला ज्यों
केशव ! धृत-शूकर-रूप ! जय जगदीश हरे !. ३.

तव कर कमल-प्रांत नख-शृंग मनोहर,
दलित हिरण्य कशिपु तनु-मधुकर,
केशव ! धृत-नरहरि-रूप ! जय जगदीश हरे !. ४.

छल बल-विक्रम से बलि को वर वामन,
पद-नख-नीर जनित जन पावन,
केशव ! धृत-वामन-रूप ! जय जगदीश हरे !. ५.

क्षत्रिय-रुधिर बहा कर जग गत-पाप,
स्नात शुद्ध प्रशमित - भव - ताप,
केशव ! धृत-भृगुपति-रूप ! जय जगदीश हरे !. ६.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वितरित दिशि-दिशि कर दिक्पतियों को वर,
दशमुख मौलि विजय बलि सुंदर,
केशव ! धृत-राम-शरीर ! जय जगदीश हरे !. ७.

वपु पर विशद जलद-सम वसन मनोरम,
हल-हति-भीति मिलित यमुना-सम,
केशव ! धृत-हलधर-रूप ! जय जगदीश हरे !. ८.

निन्दित यज्ञ-विधान सदा श्रुति-सम्मत,
सदय-हृदय दर्शित - पशु - वध - व्रत,
केशव ! धृत-बुद्ध-शरीर ! जय जगदीश हरे !. ९.

म्लेच्छ-निधन कारण धर खड्ग सुशोभन,
धूमकेतु - सम अति कराल तन,
केशव ! धृत-कल्कि-शरीर ! जय जगदीश हरे !. १०.

श्री जयदेव रचित यह गीत मधुर वर,
सुखद शुभद भव सार सुनो नर,
केशव ! धृत-दशविध-रूप ! जय जगदीश हरे !. ११.

...

वेदोद्धारण, पृष्ठ - देश पृथ्वी-संधारण,
दशनों पर धरणी-उत्तोलन, दैत्य-विदारण,
बलि-छलना, क्षत्रिय-कुलक्षय, रावण-रण-मारण,
हल-धारण, कारुण्य-प्रसारण, म्लेच्छ-निवारण —
लीलायें कीं जिसने ऐसी दश आकृति धर
नमो कृष्ण ! तुमको करुणाकर !. ५.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीय संदर्भ

स्तोत्र

श्रित-कमला-कुच-मंडल ! धृत-कुंडल !
कलित-ललित-वन-माल ! जय जय देव हरे !. १.

दिनमणि-मंडल-मंडन ! भव-खंडन !
मुनि-जन-मानस-हंस ! जय जय देव हरे !. २.

कालिय-विषधर-गंजन ! जन-रंजन !
यदुकुल-नलिन-दिनेश ! जय जय देव हरे !. ३.

मधु-मुर-नरक-विनाशन ! गरुड़ासन !
सुरकुल-केलि-निदान ! जय जय देव हरे !. ४.

अमल-कमल-दल-लोचन ! भव-मोचन !
त्रिभुवन-भवन निधान ! जय जय देव हरे !. ५.

जनक-सुता-कृत-भूषण ! जित-दूषण !
समर-शमित-दशकंठ ! जय जय देव हरे !. ६.

अभिनव-जलधर-सुंदर ! धृत-मंदर !
श्री-मुख-चंद्र-चकोर ! जय जय देव हरे !. ७.

तव पद आनत जानो, यह मानो,
सकुशल प्रणत करो, जय जय देव हरे !. ८.

श्री जयदेव रचित यह, मधु-रस-मय,
मंगल-उज्ज्वल-गीत, जय जय देव हरे !. ९.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लक्ष्मी स्तन-कुंकुम रँग
आलिंगन के कारण जिसमें लग
दिखता ऐसा अनुपम
मानो हो फूट पड़ा अंतर-अनुराग स्वयं —
रति-श्रम-जल-कण-झलमल हरि का वर वक्ष देश
पूर्ण करे इष्ट तुम्हारे अशेष. ६.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तृतीय संदर्भ

नव वसंत में उन्मन-उन्मन
कानन-कानन
ले वासन्ती कुसुमों-से सुकुमार अंग तन
डोल रहीं करती जो बहुविध कृष्णान्वेषण,
काम-ताप-पीड़ा से आतुर
औ' चिन्ताकुल
राधारानी की बाधा के बढ़ जाने पर
बोली एक सहचरी उनको सरस मनोहर. ७.

. . .

गीत

"ललित लवंग-लता छूकर अति कोमल मलय-समीरण,
मधुकर-गुंजित कोकिल-कूजित कुंज-कुटीर सुशोभन,
हरि विहार-रत इस वसंत में,
नाच युवतियों संग रहे विरही जन हेतु दुरंत में. १.
उन्मद मदन-मनोरथ पथिक-वधू-जन रोदित व्याकुल,
अलिकुल-संकुल कुसुम-भार-नत वकुल वृक्ष-कुल आकुल. २.
मृगमद-गंध-प्रसारण नव दल-युत तमाल तरु झूले,
युवजन-हृदय-विदारण मनसिज-नख-सम किंशुक फूले. ३.
मदन-महीपति-कनक-दंड-सम केशर कुसुम खिले ये,
भ्रमर-युक्त पाटलि प्रसून ज्यों स्मर-तूणीर झिले ये. ४.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लाज-रहित यह जगत् देख तरु तरुण करुण मुसकाये,
विरही-वध हित कुंत केतकी-दंत-प्रपूर्ण दिशायें. ५.

माधविका-परिमल-नव-मल्ली-सुरभित मधु ऋतु आली,
तरुण अकारण बंधु परम मुनि मन भी हरने वाली. ६.

माधविका-परिरंभण-पुलकित मुकुलित आमों का वन,
वृन्दावन-वन-परिसर-विस्तृत यमुना-जल चिर पावन". ७.

श्री जयदेव रचित पद उपजावे हरि-पद-स्मृति अनुपम,
सरस वसंत-समय वन-वर्णन मदन-विकार-मनोरम. ८.

...

"अर्ध-विकच मल्लि-लताओं से हर कर पराग,
प्रकटा पटवास सदृश, महका कानन-विभाग,
अविकल केतकी गंध-बंधु परम
व्याप्त सघन पंचबाण प्राण-उपम
गंधवाह
जला रहा मन को रे आज आह !". ८.

...

"मानो चन्दन-गिरि के कोटर-स्थित
सर्पों के कवल-क्लेश से पीड़ित
मलय पवन
जाता हिमगिरि के प्रति करने हिम-अवगाहन
और स्निग्ध आम्र-मुकुल हेर नवल
होने से हर्ष प्रबल
करते कोकिल-कुल चिर
कुहू कुहू कलोत्ताल-आकुल-गिर्". ९.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"उच्छल मधु-गंध-लुब्ध मधुपों से झकझोरे गये हुए आम्र-मुकुल
उनसे जो खेल रहे पिक-कुल कर
कू-कू स्वर
उपजाते कानों में ताप अतुल,
ऐसे मधुऋतु के दिन
पथिकों से किसी तरह काटे जाते सुकठिन
केवल रे ध्यान-समय
प्राप्त क्षणिक प्राण-प्रिया-संगम-सुख से रसमय". १०.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चतुर्थ संदर्भ

बहु ललनाओं के आलिंगन-वश
नृत्य-मनोहर जो हरि बहु-विलास-रस-लालस
राधा को दिखलाकर सखी दूर से ही अति
बोली यों उनके प्रति. ११.

. . .

गीत

"चंदन-चर्चित नील कलेवर पीत-वसन वनमाली,
केलि-विदोलित कुंडल-मंडित गंड युग स्मित-शाली,
हरि इन मुग्ध वधू जन में,
रहे रम केलिमयी-गण में. १.

पीन पयोधर भार दबा हरि को भुज में रँगराती,
पंचम राग उठाकर एक वधू उनके सँग गाती. २.

लोल विलास-विलोचन से जिसमें मदनोदय आँका,
देख रही अति मुग्ध वधू हरि का मुख-अंबुज बाँका. ३.

बात करूं श्रुति में छल यों मिल कृष्ण कपोल-तटी में,
एक नितंब-वती धरती पुलकों-सह चुंबन धीमे. ४.

केलि-कला-वश खींच रही यमुना वन कूल किनारे,
वंजुल-कुंज गये हरि को पट एक वधू कर धारे. ५.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर-करताल-वलय कर झंकृत ताल मिला सुन वंशी,
रास रही कर जो संग में युवती प्रति कृष्ण प्रशंसी. ६.

बांध इसे फिर चूम उसे फिर और कहीं रम कामी,
देख इसे हंस मंद रहे हरि हो उसके अनुगामी". ७.

श्री जयदेव कथित अति अद्‌भुत केशव रति-रस-लीला,
विपिन-विनोद-कला-युत दे यह मंगल शुभ-यश-शीला. ८.

...

"अनुरंजन से निखिल चित्त में उपजाकर आनंद,
इंदीवर-श्रेणी-सम श्यामल
कोमल निज अंगों से मंगल
रच अनंग-उत्सव रस-रंग अमंद —
अंग-अंग आलिंगित ब्रज सुंदरियों से स्वच्छंद
मूर्त्तिमान् शृंगार सदृश सखि ! मधुऋतु में हैं क्रीड़ित मुग्ध मुकुंद". १२.

...

बहु विभ्रम वाली मतवाली ब्रज-वधुओं के बीच
रासोल्लास भरी प्रेमान्धा राधा जिनको खींच
लगा हृदय में कस कर निर्भर
आलिंगन कर
और उन्हें कह
"साधु ! सुधामय मुख है तव यह"
गीत प्रशंसा छल से उद्‌भट
अधर चूम लेतीं जिनका झट —
मंद मधुर मुसकाते माधव
रक्षक हों तव. १३.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीय सर्ग

अक्लेश केशव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हरि साधारण-प्रणय देख पा निज गौरव में बाधा
ईर्ष्यावश जा कहीं दूर वन विहरण करतीं राधा
भ्रमर-पुंज-गुंजित अति सुंदर लता-कुंज आसीना
बोली प्राण-सखी से अपनी निर्जन में हो दीना. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पंचम संदभ

गीत

"अधर-सुधा-सुमधुर-ध्वनि-मुखरित मोहन वंशीधर को,
चलित दृगंचल चंचल मौलि-कपोल-वतंस सुघर को,
रास-विलासी अभिलाषी को,
मन गुनता हरि परिहासी को. १.

चंद्रक-चारु मयूर मनोहर पंख रचित केशी को,
अविकल इंद्र-धनुष-अनुरंजित मेघ-जटा-वेशी को. २.

गोप कदंब नितंब-वती मुख चुंबन रस लोभी को,
बंधुजीव-सम अधर मनोरम पल्लव-स्मित-शोभी को. ३.

विपुल पुलक भुज निहित किये जो शत-शत व्रज नारी को,
कर-पद-उर-मणि-भूषण-किरणों से तमिस्र-हारी को. ४.

जलद-पटल गत इंदु-विनिंदक चंदन तिलक कली को,
पीन पयोधर मर्दन-निर्दय हृदय-कबाट-स्थली को. ५.

मणिमय मकर मनोहर कुंडल-मंडित गंड सुघर को,
अनुगत बहु मुनि-मनुज-सुरासुर-परिजन पीतांबर को. ६.

विशद कदंब तले समुपस्थित कलि-मल-भय-शामी को,
मन-मन काम नयन से मुझसे भी रमते कामी को". ७.

श्री जयदेव रचित अति सुंदर मोहन मधुरिपु झांकी,
हरि-पद-स्मृति प्रति पुण्यवान् जन हेतु मधुर यह आंकी. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"सोचता उनके सदा गुणग्राम,
क्रोध से भ्रमवश नहीं भी काम,
धारता परितोष,
दूर तजता सकल उनके दोष—
छोड़ मुझको युवतियों के संग अधिक सतृष्ण
कर रहे क्रीड़ा मधुर जो कृष्ण
ले रहा है काम
क्या करूं मैं हा ! उन्हीं की ओर मन को वाम". २.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

षष्ठ संदर्भ

गीत

"निशि में निर्जन कुंज-गता से मोहन अभिसारी को,
चकित विलोकित सकल दिशा रति-रस-वश हस धारी को,
सखि री ! केशि-मथन को लाकर,
मदन-मनोरथ-रस-विकला से रमित कराओ सत्वर. १.

प्रथम समागम-लजिता से पटु चाटु वचन-कारी को,
स्मित-युत भाषण-रचिता से श्लथ जघन-वसन-हारी को. २.

किसलय-शयन-सुशयिता से मम हृदय-सुचिर-शायी को,
भुज भर चुंबन दयिता से भुज बांध अधर-पायी को. ३.

अलस निमीलित-नयना से पुलकित कपोल-वाले को,
श्रम-जल-मय तनु-अयना से वर मदन दोल-वाले को. ४.

कोकिल-कलरव-वचना से जित-मदन-तंत्र विषयी को,
शिथिल कुसुम कच-रचना से नख-लिखित वक्ष प्रणयी को. ५.

मणि-रव-नूपुर-चरणा से परिपूरित रति-मानी को,
मुखर-विश्रृंखल-रशना से कच धर चुंबन-दानी को. ६.

रति-सुख-रस-वश अलसा से नव कमल-नयन शोभी को,
असह पतित तनु-कलशा से अति मुदित मदन लोभी को". ७.

श्री जयदेव रचित यह अतिशय मधुरिपु-निधुवन-लीला,
सुख उत्कंठित गोपवधू मुख-वचन सुमंगल-शीला. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"स्रस्त हुआ है जिनके हस्त से विलाश वंश,
लगे जिन्हें वंकिम-भ्रू गोपिका-कटाक्ष-दंश,
जिनका वर गंड देश
स्वेद से भरा अशेष,
देख मुझे लज्जित जो,
हास-सुधा से करते आनन निज सज्जित जो —
ब्रज वधुओं से वृत ऐसे हरि को कानन में
दर्शित कर हर्षित हो आज रही मैं मन में". ३.

. . .

"देखी जाती न स्तवक-युक्त भी अशोक लता;
देता है हाय सरोवर-उपवन-पवन व्यथा;
गूंज रहे हैं जिन पर चपल भृंग
आमों के मुकुल शृंग
करते हैं नहीं सुखी
सखि ! सुमुखी !. ४.

. . .

भाव भरा मंद हास,
खुल-खुल पड़ता अविरल केश पाश,
उल्लासित भ्रू लतिका,
छल-दर्शित बाहु मूल, अर्ध-प्रकट वक्ष-शिखा,
ब्रज वधुओं के लखकर निर्जन में
जाने को उत्सुक चिर मुग्ध मनोहर मन में —
ऐसे जो केशव नव
हरें क्लेश सब रे तव. ५.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तृतीय सर्ग

मुग्ध मधुसूदन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कंसासुर-अरि ने भी —
हरि ने भी —
विश्व-वासना के वर बंधन-शृंखल सदृशा
प्राण-प्रिया
राधा को हृदय बसा
बहु ब्रज-सुंदरियों को त्याग दिया. १.

. . .

इतस्ततः
राधा को ढूंढ स्वतः
स्मर-शर-हत खिन्न हृदय
करते अनुताप निश्चय
यमुना-तट-अंत-कुंज में जा हो समासीन
माधव करने लगे विषाद दीन. २.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सप्तम संदर्भ

गीत

"वह गई जब लौट वधुओं सँग मुझे अवलोक,
सापराध न मैं सका भय से उसे तब रोक,
रुष्ट होकर वह गई रे हा ! हतादर हो. १.

कर रही क्या कह रही होगी विरह में हाय !
क्या प्रयोजन भला धन-जन-जन्म-गृह से हाय !. २.

स्मरण करता हूं वदन वह कोप-युत भ्रू-भंग,
कोकनद ज्यों रक्त आकुल भ्रमित भौरों संग. ३.

मैं उसे लेकर हृदय में रमित हूं चिर आप,
ढूंढ़ता क्यों फिर उसे वन में वृथा सविलाप ?. ४.

तन्वि ! ईर्ष्या-वश हृदय तव खिन्न है, यह ज्ञात,
किंतु तुम हो कहां ? कैसे करूं अनुनय-बात ?. ५.

सामने आ जा रही सी लग रहीं तुम प्राण !
किंतु आलिंगन न सचकित कर रहीं क्यों दान ?. ६.

क्षमो मुझको और यों होगा नहीं अपराध,
सुमुखि-दर्शन दो, मुझे यह काम-क्लेश अबाध". ७.

सुकवि श्री जयदेव कृत यह हरि-विरह-रस-छंद,
केन्दुबिल्व - समुद्र - संभव - चंद्र - रचित अमंद. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"पद्म-लता का हार हृदय में—यह रे नहीं भुजंग !
यह नीलोत्पल-माल कंठ में—यह न गरल का रंग !
यह चंदन-रज नहीं—भस्म, मैं प्रिया-रहित निर्दोष
हर-भ्रम में मारो न मुझे, दौड़ो क्यों काम सरोष ?". ३.

. . .

"आम्र-मुकुल-शर कर धर
यों न चढ़ाओ धनु पर,
क्रीड़ा से ही जिसने जीत लिया जग उसका
मूर्च्छित को आहत करने में है पौरुष क्या ?
उसी मृगी-नयनी के
बहु तीखे
काम-चल-कटाक्ष-वाण से जो यह जर्जर मन
थोड़ा भी हुआ स्वस्थ अभी तक न". ४.

. . .

"भ्रू-पल्लव—धनु प्रमाण,
शत-तरंग-युत अपांग—तीक्ष्ण वाण,
श्रवण प्रान्त—सुंदर ज्या,
स्मर ने क्या
जगत् जीत चुके हुए ये समस्त
प्रखर अस्त्र
राधा में न्यस्त किये ?
काम-विजय-जंगम-वर-दैवत को सौंप दिये ?". ५.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"सखि ! तव भ्रू-चाप निहित
दे कटाक्ष-वाण विहित
मर्म-व्यथा,
श्याम-वर्ण कुटिल परम
कवरी वध का उद्यम
करे तथा
बिंबाधर रागवान्
करे मोह का विधान
तन्वि ! अहो !
पर स्तन सद्वृत्त कि जो
प्राणों से करते क्यों
खेल कहो ?". ६.

. . .

"वही स्पर्श-सुख, वही स्निग्ध चिर चंचल नेत्र-विलास,
वही मुखाम्बुज-वास,
वही अमृत-स्यंदी वाक्-चातुरी,
बिंबाधर-माधुरी,
उसके ही बहु-विषय-संग-रत मन यह लग्न-समाधि—
फिर कैसे बढ़ती ही जाती हाय ! विरह की व्याधि ?". ७.

. . .

ग्रीवा कुछ वक्र किये
हिला रहे शिर जो निज हिलते अवतंस लिये
मुग्ध-चित्त श्री मधुसूदन की मृदु-मृदु बढ़ती
राधा के सुंदर अति चंद्रवदन में पड़ती
शत कटाक्ष की लहरें—
लक्षित जो हैं न लक्ष ललनाओं से वैसे
वंशी-स्वर-उद्गम-स्थल में मन के रहने से—
मंगल संचार करें. ८.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चतुर्थ सर्ग

स्निग्ध मधुसूदन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यमुना-तट वेतस-निकुंज में बैठे प्रेमोद्भ्रांत
माधव को यों सखी राधिका की बोली वृत्तांत—. १.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अष्टम संदर्भ

गीत

"निंदित चंदन-इंदु-किरण, अति दुःख-अधीर सखी मम,
व्याल-निलय तज आगत मलय-समीरण तीव्र गरल-सम,
तव वियोग में दीना,
माधव ! मनसिज-शर-भय से वह चिंतन में तव लीना. १.
अविरल निपतित मदन-शरों से करने को तव रक्षण,
हृदय-मर्म पर वर्म-सदृश धरती नलिनी-दल-छादन. २.
कुसुम-विलास-शयन वर को वह कर मनसिज-शर-शय्या,
तव परिरंभण-सुख हित करती है मानों व्रतचर्या. ३.
झर-झर अविरत लोचन-जलधर आनन-अंबुज सारा,
राहु-विकटतर-दंत-दलित-शशि-गलित अमृत-रस-धारा. ४.
निर्जन में लिखती मृग-मद से तव वर मदन-कलेवर,
होती प्रणमित मकर बना नीचे कर आम्र-मुकुल-शर. ५.
प्रतिक्षण यों कहती "माधव ! तव पदतल प्रणत पड़ी मैं,
तुम यदि विमुख हुए कि सुधानिधि से भी यहां जली मैं". ६.
कभी ध्यान-लय में कल्पित कर दुर्लभ तुम सम्मुख में,
विलपित, हसित, विषण्ण, रुदित, धावित हो मिलती सुख में". ७.
श्री जयदेव-रचित यह सुंदर मन में यदि रखना स्थिर,
हरि-विरहाकुल गोप-युवति-दूती का वचन पढ़ो चिर. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"घर ही मानों विपिन भयंकर, प्रिय सखियों की माल जाल है,
श्वास-पवन ही तप्त निरंतर, दावानल की प्रखर ज्वाल है,
वह वियोग में हाय ! तुम्हारे, हरिणी - सीदयनीय बनी है,
डोल रहा शार्दूल-सदृश ही, निर्दय अति कंदर्प-काल है." २.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नवम संदर्भ

गीत

"स्तन पर लंबित भी जो हार,
मान रही कृश तनु पर भार,
राधिका तव वियोग में केशव !. १.

सरस मसृण तन - चंदन - पंक,
देख रही विष-सदृश सशंक. २.

श्वास - पवन - अति - प्रबल - प्रवाह,
मदन-अनल - सम ज्वलित सदाह. ३.

दिशि-दिशि झर-झर जल-कण-जाल,
नयन-नलिन-युग ज्यों कि अनाल. ४.

देख रही भी किसलय - सेज,
मान रही है पावक - तेज. ५.

करतल से तजती न कपोल,
सांध्य-बाल-शशि ज्यों कि अलोल. ६.

"हरि" "हरि" ही जपती बस नाम,
विरह-विहित कह मरण निकाम." ७.

श्री जयदेव - रचित यह गीत,
सुखी करे हरि - पद - उपनीत. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"रोमांचित होती, करती सीत्कार,
रोती कर चीत्कार,
कभी कांप उठती, फिर होती श्रांत
कभी ध्यान करती, होती उद्‌भ्रांत,
सो जाती फिर हाय !
गिर जाती, उठती, फिर मूर्छित होती है असहाय—
ऐसा है उस वर युवती का प्रबल काम-ज्वर-रोग,
किंतु न क्या वह बच जायेगी पा तव रस का योग
हे स्वर्-वैद्य-प्रतिम ! यदि होओ तुम जो कहीं प्रसन्न ?
और कहीं जो छोड़ दिया तो कौन भला फिर अन्य !." ३.

. . .

"स्वर्ग-वैद्य प्रिय अविकृत !
केवल तव अंग-संग-स्पर्श-अमृत—
द्वारा ही साध्य सदा जो विधुरा
स्मरातुरा
राधा यह—
तुमसे यदि हुई नहीं कहीं मुक्त-बाधा यह
तो समझो हे अकरुण !
इन्द्र-वज्र से भी हो तुम दारुण." ४.

. . .

"काम-रोग-रुग्णा का अतिशय यह आश्चर्य महान्
चंदन-शशि-कमलिनी-सोच में मन हो जाता म्लान !
किंतु क्षमावश शीतल तुमको निर्जन में कर ध्यान
किसी तरह वह क्षीणा क्षण भर धारण करती प्राण." ५.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"होती थी खिन्न न सह
पहले जो नयन-निमिष-काल मात्र क्षणिक विरह
देख प्रथम-आम्र-मुकुल चिर वियोग में अब वह
जीती है किसी तरह." ६.

. . .

वृष्टि-विकल गोकुल-भू-रक्षण-संकल्प-सहित
उद्धृत कर धर गिरि-गोवर्द्धन को दर्प-सहित
हर्ष-विचल व्रज-वनिता-गण से चिर चुंबित जो
अधर-लगे-सुंदर-सिंदूर-रंग-अंकित जो
कंस-वैरि-गोप-तनय-बाहु सबल
तुमको दे श्रेय सकल. ७.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पंचम सर्ग

साकांक्ष पुण्डरीकाक्ष

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"मैं यहां हूं, तुम त्वरित जाओ
राधिका को विनय मेरी सुना ले आओ"
इस तरह हरि से नियुक्ता सखी जा सानंद
राधिका को मधुर बोली छंद—. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दशम संदर्भ

गीत

"चलित मलय - समीरण मदन लिये साथ,
कुसुम-निकर खिलते विरहि-हृदय - दलनार्थ,
सखि ! तव विरह में पीड़ित वनमाली. १.

जल कर शशि-करों में वे हैं मृत - प्राय,
पतित मदन-शर पा विलपित विकलतर हाय !. २.

ध्वनित मधुप - सभा में देते श्रुति रोक,
विरह - विकल मन में प्रति निशि धरते शोक. ३.

वन - लता - कुंज बसते तज सुललित धाम,
धरणि - शयन लुटते रट - रट तव नाम. ४.

सुन कर पिक कुहु - कुहू दौड़ अति अधीर,
जब जनगण हंसते कहते "न विरह-पीर." ५.

मधुर सुन खग - वाणी स्मरण कर तव बोल,
तव रति - सुख - गरिमा - गुण गिनते सब अतोल. ६.

वे नाम मास राधा सुनते अति सराग,
जप सरस उसे करते पर - युवति प्रति न राग." ७.

रचित कवि जयदेव यह विरह - मधुर - छंद,
सरस उर प्रकटें हरि सुकृत से सानंद. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"संग तुम्हारे पहले कभी
रतिपति-सिद्धियां सकल पूरी थीं हुई जहां इष्ट
माधव फिर अभी
उसी मदन-महातीर्थ-केलि-कुंज में हो उपविष्ट
केवल तव ध्यान-निरत
जपते आलाप-मंत्र तव अविरत,
चाह रहे हैं वहुधा
केवल तव वक्ष-कुंभ-निर्भर-परिरंभ-सुधा". २.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ग्यारहवां संदर्भ

गीत

"रति-सुख-सम्मत अभिसर में गत मदन-सुवेश-मनोहर
अब न नितंबिनि ! गमन-विलंबिनि हो, पाओ हृदयेश्वर.

धीर - समीरण यमुना - तट - वन राज रहे वनमाली,
पीन - पयोधर - परिसर - मर्दन - चंचल - कर - युग - शाली. १.

नामांकित कर स्थल इंगित कर बजा रहे मृदु वंशी,
बहुत समझते पवन चलित वे पा रज तव - तन - स्पर्शी. २.

विहग उड़ा यदि, पत्र झड़ा यदि, शंकित हो तुम आयीं,
विरच शयन वे चकित नयन से होते तव-पथ-ध्यायी. ३.

मुखर मधुर जो तज नूपुर दो रति के शत्रु भयंकर,
चलो कुंज प्रति तिमिर-पुंज अति नील-निचोल पहन कर. ४.

हरि के उर पर हार कि जिस पर घन में ज्यों वक झलसें,
तरल-तड़ित-सम राजित हो तुम गौरि ! सुकृत के फल से. ५.

स्खलित-वसन जो गलित-रसन जो धर दो सघन जघन को,
पत्र - शयन में पंकज - नयने ! हर्ष - निधान रतन को. ६.

हरि अति मानी, रजनि सुहानी बीत चली यह लो री,
वचन मान मम, कर दो सखि ! तुम हरि अभिलाषा पूरी." ७.

श्री जयदेवी हरि - पद - सेवी रचना परम मनोरम,
मुदित हृदय जो सुखद सदय जो सुकृत सुषम हरि को नम. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"बार बार छोड़ छोड़ श्वास रेख,
बार बार सम्मुख पथ देख देख,
बार बार जा-जा कर लता-कुंज के भीतर,
बार बार मन में गुनगुना दुखी हो हो कर,
शय्या रच बार वार,
बार बार आकुल हो पथ निहार—
स्मर-शर-आघात-क्लांत
कांते ! तव प्रिय यों अतिशय अशांत." ३.

. . .

"तव प्रतिकूलता सहित देखो यह सूर्य गया डूब,
हरि की इच्छा सह यह तिमिर हुआ सान्द्र,
कोकों के करुण स्वन समान दीर्घ मग अभ्यर्थना,
सुंदर अभिसार-समय मुग्धे ! है यह विलंब वृथा." ४.

. . .

"आलिंगन, चुंबन, नख-लेखन, कामोद्भव, उन्माद,
संभ्रम, रति-आरंभ समाकुल एक एक के बाद—
एक अन्य को अंधकार में करते अनुसंधान
अकस्मात् मिल, संभाषण से ही केवल पहचान,
दंपति पा ये सब निर्जन में अनुप्रीत साकार
प्राप्त न करते लज्जा-मिश्रित कौन कौन रस-सार ?." ५.

. . .

"अंधकार-मय पथ में सभय चकित दृष्टि डाल
रुक रुक प्रति तरुतल, मृदु मंद बढ़ा पद संभाल,
प्रेम-रस-तरंग-वेश,
अंगों से पहुंची जो किसी तरह विजन देश
देख तुम्हें सुमुखि ! सार्थ
मानेंगे हरि अपने को कृतार्थ." ६.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राधा के मुग्ध वर मुखारविन्द के मधुकर,
त्रिभुवन की मौलि-स्थली-इन्द्रनील-मणि सुंदर,
अवनी-भारावतार-क्षम अदोष,
व्रज-वनिता-मनस्तोष-कर प्रदोष,
कंसासुर-ध्वंस-हेतु
धूम-केतु—
करें तुम्हारा रक्षण
सदा देवकीनंदन. ७.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धृष्ट वैकुण्ठ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चिर अनुरक्ता
लख उसको पर गमन-अशक्ता
जा लतिका-गृह सखी फिर त्वरित्
बोली काम-विकल हरि को उसका सब चरित—. १.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बारहवां संदर्भ

गीत

"दिशि - दिशि बस तुम ही दिख पड़ते
पान अधर - मधु उसका करते
हरि ! विषाद-रत राधा निज गृह में. १.

तव अभिसार हेतु कुछ चलती,
दो पद ही चलकर गिर पड़ती. २.

पंकज - किसलय - वलय पहनती,
तव रति - हित बस जीवन धरती. ३.

धर तव वेश निरखती लीला,
"मैं हरि हूं" यों भावन शीला. ४.

"त्वरित् न क्यों आये हरि ?" अस्थिर,
पूछ रही सजनी को फिर फिर. ५.

भुज भर चूम रही वह तम को,
कृष्ण समझ उस जलधर-सम को. ६.

तव विलंब से विगलित - लज्जा,
सिसक विलपती वासक-सज्जा." ७.

श्री जयदेव - रचित रस - समुदय
दे मुद रसिक जनों को अतिशय. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"विपुल-पुलक-आकुल हो
अविरल सीत्कार सहित
अंतर-जड़ता-वश जो काकु-स्वरोच्चार-सहित
रोती चिर व्याकुल हो,
हरिणी-सी नेत्रवती
कितव ! तुम्हारी ही बस संगम-चिंता करती—
सदा ध्यान-लग्ना वह
प्रेम-जलधि-मग्ना वह." २.

...

"अंगों को करती वह बहुशः है समलंकृत,
पत्र हिला भी तो तुम आये यों हो शंकित,
रचती वह शय्या है फिर फिर,
बैठी ध्यान लगाती है चिर,
यों सज्जा-शंका-शय्या-विरचन-लग्ना भी,
शत-संकल्प-क्रिया-मग्ना भी—
वह वर-देहा
बिता सकेगी बिना तुम्हारे रात न रे हा !." ३.

...

"कर रहे विश्राम तुम यों
कृष्ण-भोगी-भवन में भांडीर-तरुतल में भला क्यों ?
भ्रात ! जाओ नन्द-गृह आनंद-दायी
क्या यहां से है नहीं पड़ता दिखायी ?"
पटु रचन ये—
गूढ़ राधा के वचन ये—
सांध्य-कालिक अतिथि द्वारा नंद-सन्निधि-कथित निर्भय
हरि-प्रशस्ति-भरी गिरा की हो सदा जय." ४.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सप्तम सर्ग

नागर नारायण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अब इसके बाद सुघर इंदु
जो दिक्-सुंदरी-वदन-चंदन की विंदु
कुलटा-कुल-पथ-च्युति से
जात हुए पातक से लांछित ज्यों कांत
अपनी नव-अंशु-जाल की द्युति से
दीपित कर उदित हुआ वृन्दावन-प्रांत. १.

. . .

उधर चंद्र का बिंब प्रसारित,
हरि का इधर विलंब अवारित,
रचकर विविध विलाप
लगी उच्च स्वर में करने वह विधुरा यों परिताप—. २.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तेरहवां संदर्भ

गीत

"हरि न वन में मिले कथित इस समय भी,
विफल रे अमल ये रूप-यौवन सभी,
शरण जाऊं कहां सखी-जन-वचन-वंचिता ? १.
प्राप्त करने जिसे वन फिरी निशि समय
काम-शर-हत हुआ हा ! उसी से हृदय. २.
मरण मेरा भला, व्यर्थ यह तन गहूं,
विरह का अनल कैसे अचेतन सहूं ? ३.
विकल हा ! कर रही मधुर मधु-यामिनी,
कौन हरि को लिये सुकृतिनी कामिनी. ४.
सोचती हूं वलय-रत्न-भूषण सभी
हरि विरह अनल में आज दूषण सभी. ५.
कुसुम सुकुमार तनु को विषम छेदता,
हृदय का हार बन काम-शर बेधता. ६.
मैं इसे मान कर तुच्छ वन-बेत में,
हरि न करते स्मरण भी मुझे चेत में." ७.
हरि-चरण-शरण जयदेव कवि भारती
बसे उर युवति-सी कोमल कलावती. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"तब क्या रे ! आज विरत
किसी कामिनी के प्रति हरि हैं असार-निरत,
अथवा मित्रों-सह हो क्रीड़ा-रत गये अटक,
अथवा इस सांधकार वन में वे रहे भटक,
अथवा चिर क्लांत-मना
होने से दो पद भी हाय ! कठिन है चलना—
जो कि उन्हीं के द्वारा संकेतित रम्य सघन
वंजुल-लतिका-निकुंज में आये अभी तक न ?." ३.

. .

देख सखी लौटी बिन माधव के विषाद से मूक
शंकित जो हरि रमित अन्य सँग
मानों उसने देखा वह प्रत्यक्ष रागरँग
उठी राधिका कूक—. ४.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चौदहवां संदर्भ

गीत

"स्मर-समरोचित-रुचिर-वेशिनी
दलित-कुसुम-दर-लुलित-केशिनी
हरि सँग आज विलसती कोई युवती अधिकगुणा. १.
हरि-परिरंभण-भाव खिल रहे,
कुच-कलशों पर हार हिल रहे. २.
चंद्र-वदन पर अलक ललकते,
अधर पिये वह, नयन झपकते. ३.
चंचल-कुंडल-युत-कपोल हैं,
रसन मुखर अति जघन लोल हैं. ४.
प्रिय को लख लज्जा से हँसती,
बहु स्वर करती रति-रस रसती. ५.
पुलकित कंपित-अंग सिहरती,
सासें ले दृग मूंद विहरती. ६.
श्रम-जल-कण-मय-सुभग-शरीरा,
हरि-उर सोई रति-रण-धीरा." ७.
श्री जयदेव कथित हरि-क्रीड़ा,
शमित करे कलि-कल्मष-लीला. ८.

...

"विरह-हेतु पांडुर जो हरि का वर मुख-सरोज
उस-सा दिखता विधु यह करता जन-दुःख दूर
किंतु सुहृदये ! मनोज
मेरे उर को करता व्यथा-पूर." ५.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पंद्रहवां संदर्भ

गीत

"उदित-मदन में रमणि-वदन में अधर चुंब-हित बढ़ा
लिखते सपुलक मृग-मद-पत्रक शशि में ज्यों मृग कढ़ा
रमते यमुना-पुलिन-विपिन में विजयी हरि अधुना. १.

रतिपति-मृग-वन मेघ-चिकुर-घन मुख पर सुंदर लसे,
उसमें कुरवक चपला के स्रक् रखते हरि स्नेह से. २.

नख-क्षत-शशि-युत मृग-मद-चित्रित उर को अंबर कहो,
मणि-मय हारक मानों तारक धरते उसमें अहो !. ३.

भुज मृणाल वर मृदु हिम-शीतल करतल नलिनी जहां,
मरकत-कंकण मानों अलिगण पहनाते हरि वहां. ४.

रति-गृह-शोभन मनसिज-आसन जघन बढ़ाते स्पृहा,
उनमें सुंदर मणि-रसना-वर-तोरण धरते अहा !. ५.

पद किसलय में कमलालय में नख-मणि से जो ढके,
रचते अलता वाह्य सुघरता उर पर अपने रखे. ६.

रमते ऐसे हाय ! किसी से हलधर सोदर अहो !
विफल रहूं क्यों विरस वृथा यों वन में सजनी ! कहो ?". ७.

हरि-पद-सेवक कवि जयदेवक गुंजन हरि-रस-स्रवी,
कलि-युग-माया कल्मष-छाया पड़े न उन पर कभी. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"यदि न निठुर वे शठ आये तो
सखि ! क्यों दुख आक्रोश तुम्हारा ?
बहुवल्लभ स्वच्छंद रमे यदि
कहीं, भला क्या दोष तुम्हारा ?
देखो आज उन्हीं से मिलने
अति उत्कंठित और विकलतर
उनके ही गुण से आकर्षित
हृदय जा रहा स्वयं निकलकर". ६.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सोलहवां संदर्भ

गीत

"अनिल - सचल - राजीव - नयन से
तपित न वह नव - पत्र - शयन से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. १.
विकसित - सरसिज - सुंदर - मुख से
व्यथित न वह मनसिज - शर - दुख से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. २.
अमृत - मधुर - मृदु - मंद - वचन से
ज्वलित न वह मृदु मलय - पवन से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. ३.
स्थल - जलरुह - सम - पाणि - चरण से
लुठित न वह हिम - चंद्र - किरण से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. ४.
सजल - जलद - अविकल - शीतल से
ज्वलित न उर चिर विरह - अनल से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. ५.
निकष - कनक - सम - रुचिर - वसन से
आह न भरती लोक हसन से
सखि ! जो रमिता वनमाली से. ६.
सकल - भुवन - जन - श्रेष्ठ - तरुण से
त्रसित न वह दुख अति अकरुण से
सखि ! जो रमिता वनमाली से". ७.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री जयदेव - रचित इस पद से
हरि भी आकर उर में विलसें
सखि ! जो रमिता वनमाली से. ८.

...

"हे अनंग-आनंदन-कारण ! चंदन-अनिल उदार !
हो प्रसन्न दक्षिण, विरोध मेरा तुम त्याग करो.
जगत्-प्राण ! माधव को केवल क्षण भर के ही लिये
सम्मुख में मेरे लाकर फिर मेरे प्राण हरो." ७.

...

"सखियों का सहवास शत्रु-सा,
शीतल मृदुल समीर अनल-सा,
जिसके मन में आ जाने पर
सुखद सुधाकर
बन जाता है चिर दुखदायी तीव्र गरल सा—
हाय उसी निर्दय के प्रति ही
बार बार उर खिंच खिंच जाता,
कमल-दृशाओं के हित ऐसा
अतनु निरंकुश वाम प्रबल-सा." ८.

...

"मलयानिल ! बाधा दान करो,
हे पंचबाण ! तुम प्राण हरो,
लौटूंगी घर को और नहीं
तन त्याग करूंगी आज यहीं,
यम-भगिनि ! कहो क्यों मुझे क्षमो ?
लो डुबा तरंगों में मुझको, यह दाह शमो." ९.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रात नील निचोल अच्युत के हृदय पर
और राधा-देह पर वर पीत-अंबर
देख विस्मित खिलखिलातीं जब निखिल सखियां अश्रृंखल—
लाज-चंचल
नयन-अंचल
ढाल राधा के वदन पर
मंद मृदु मुसका रहे जो नंद-नंदन
करें जग-आनंद-वर्धन १०.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अष्टम सर्ग

विलक्ष लक्ष्मीपति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किसी तरह रात बिता
स्मर-शर से जर्जरिता
प्रात समय
प्रिय को—जो सम्मुख में आ नत करने अनुनय—
ईर्ष्या से भर थनथन
बोली यों रोष-वचन—. १.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सत्रहवां संदर्भ

गीत

"निशि भर जगते रहने से तव रक्तिम अलसित लोचन,
मानों स्फुट अनुराग हुआ हो उर का रस-उन्मोचन
जाओ हरि! हरि! माधव! केशव! कपट वचन मत बोलो
हे सरसिज-दृग! जो तव दुख हरती उसके संग हो लो. १.
कज्जल-मलिन नयन को चुंबन देने से यों नीला,
अरुण अधर तव कृष्ण! हुआ तन के अनुरूप रसीला. २.
वपु में स्मर-संग्राम-काल की उभरी नख-क्षत-रेखा,
मरकत-मणि पर लिखित स्वर्ण-लिपि में ज्यों रति-जय-लेखा. ३.
कमल-चरण-झरती-अलता से रंजित सिक्त हृदय यों,
दिखता मदन-महाद्रुम में फूटे नव किशलय हों ज्यों. ४.
दशन-चिन्ह तव अधर-देश में देता मम-उर-पीड़ा,
बतलाता अब भी तव तन मम तन में भेद न थोड़ा. ५.
बाहर से तुम मलिन कृष्ण! मन से भी हो तुम वैसे,
ऐसा यदि न मदन-शर-ज्वर-पीड़ित को छलते कैसे ?. ६.
फिरते तुम वन में अबला-वध-हित, इसमें विस्मय क्या ?
पूतनिका-वध-निर्दय-बाल-चरित्र प्रमाण न है क्या ?." ७.
श्री जयदेव-रचित रति-वंचित-खंडित-आकुल-वाणी
सुनो सुरालय में भी दुर्लभ सुधा-मधुर-रस ज्ञानी. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"मानों अनुराग निकल बाहर है फूट रहा—
देख तुम्हारा यह उर
प्रिया-चरण-अलता से रंगा प्रचुर
अरुण-द्योत है जिससे छूट रहा,
होने से ख्यात प्रणय के मेरे भंग आज
होती है कहीं शोक से बढ़ कर धूर्त्त ! लाज." २.

. . .

अंतर-मोहन, शिर-घूर्णन-विचलन,
कुंतल-मंदार-स्खलन,
स्तब्ध-चित्त-आकर्षण,
दृष्टि-विनोदन-हर्षण-
कारक वर महामंत्र
मृग-नयनी ब्रज-बधुओं का स्वतंत्र,
दृप्त-असुर-कुल-पीड़ित देवों का दुःख-विपद्-
भंजक साकार सतत—
ऐसा कंसारि कृष्ण का जो वंशी का रव
हरे अमंगल सब तव. ३.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नवम सर्ग

मुरध मुकुन्द

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अब उस मन्मथ-खिन्ना को
रति-रस-भिन्ना को
हरि-सुचरित-चिन्ता-भरिता को
बोली सखी विजन में व्यथिता कलहान्तरिता को—. १.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अठारहवां संदर्भ

गीत

"हरि अभिसारित मृदुल पवन में
सखि ! सुख क्या कह और भवन में ?
माधव से मान करो मत मानमये !. १.

ताल अपेक्षा कठिन सरस ये
विफल करो क्यों वक्ष-कलश ये ?. २.

बार बार न कहा है कितना
हरि न तजो जो सुंदर इतना ?. ३.

क्यों विषण्ण रोती मनमारी ?
हंसती युवति-सभा तव सारी. ४.

सजल-नलिन-दल-रचित-शयन में
सफल करो हरि देख नयन में. ५.

मन में तुम क्यों खेद करो यों ?
वचन सुनो मम विरह हरो यों. ६.

हरि आवें बोलें मधु स्वर री
हृदय करो क्यों व्यर्थ विधुर री ?". ७.

श्री जयदेव-रचित हरि-लीला
रसिक जनों को हो सुख-शीला. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"स्नेही के प्रति तुम जो निष्ठुर,
प्रणमित के प्रति अचल अनातुर,
प्रेमी के प्रति द्वेष लिये जो,
उन्मुख के प्रति विमुख प्रिये ! जो—
इसीलिये विपरीत-आचरिणि ! चंदन-चर्चा तुमको विष है,
चंद्र सूर्य है, हिम पावक है, क्रीड़ा-मुद यातना सदृश है." २.

...

आनंदित जो कि अमित
इंद्र आदि देव गणों से होने से प्रणमित
उनके आनम्र-मुकुट-इंद्रनील-मणियों से
शोभित जो मानों हों घिरे हुए अलियों से,
झर-झर मृदु सुंदर मकरंद-सदृश
जिनको मंदाकिनी सदा करती स्निग्ध सरस—
ऐसे गोविंद के पदारविंद
अशुभ-विनाशन हित बंदूं अनिंद्य. ३.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दशम सर्ग

मुग्ध माधव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अब इसके बाद शिथिल रोष हुआ है जिसका,
अविरल निःश्वासों से म्लान मुख-सरोज हुआ है जिसका,
देख रही सखी ओर जो सलाज
सुमुखी के पहुंच पास
सान्ध्य-समय
हर्ष-विशद गद्‌गद्‌-पद बोले हरि यों रसमय—. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उन्नीसवां संदर्भ

गीत

"बोल दो अल्प जो दंत - ज्योत्स्ना हरे
हृदय का भय - तिमिर भीषण,
अधर - रस - पान को प्रेरता चंद्रमुख
ये चकोरों - सदृश लोचन.
प्रिये ! चारुशीले ! तजो यह मान अकारण,
मदन का अनल कर दग्ध मन को रहा
दो मुख - कमल - मधु पावन. १.

सत्य यदि यह सखी ! कुपित हो तुम कहीं,
करो खर - नखर - शर - वर्षण,
बाहु से बांध लो, दांत से काट लो,
करो जिसमें कि सुख - हर्षण. २.

तुम्हीं भूषण प्रिये ! तुम्हीं जीवन प्रिये !
तुम्हीं भव-जलनिधि - रत्न - सम.
सर्वदा तुम रहो परम अनुरागिणी
हृदय करता वही उद्यम. ३.

नील-नलिनाभ-सम तन्वि ! तव ये नयन
बन गये कोकनद दुःसह,
अतनु-शर मार यदि रँग सको कृष्ण को
तो दृगों के अनुरूप वह. ४.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उभय स्तन - कुंभ पर हिले मणि - मंजरी
सजा कर तव हृदय - अंचल,
मदन - आदेश रशना सुघोषित करे
सजा तव घन - जघन - मंडल. ५.
स्थल - कमल - से सुषम हृदय - रंजक परम
सुखद रति - रंगमय लोभन,
तुम कहो तो करूं चरणद्वय में भरूं
सरस अलता परम शोभन. ६.
स्मर - गरल को हरें शिर - विभूषण बने
दो मुझे ये चरण - पल्लव,
मदन - दारुण - अनल है जलाता मुझे
हरें तज्जनित सब विप्लव." ७.
चटुल ये चाटु - पटु - चारु - मुर - वैरि के
राधिका प्रति वचन सुंदर,
जयति पद्मावती - रमण जयदेव - कवि-
भारती स्नेह - रस - निर्झर. ८.

...

"करो न आतंकित यों,
हो न वृथा शंकित यों,
व्याप्त प्रचुर
विपुल जघन-स्तन-वाली ! तुमसे ही तो यह उर,
किसी और
के हित किंचित् उसमें नहीं ठौर,
छोड़ अतनु को ऐसा कौन अन्य
अंतर में कर सका प्रवेश धन्य ?
अतः सृजो
प्रणयिनि ! परिरंभण-प्रारंभ-काल उचित कि जो." २.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"मुग्धे ! दो मुझको तुम निर्दय अति दंत-दंश,
बाहु-वल्लि-बंधन-दृढ़, घन-स्तन-पीड़न-नृशंस—
चण्डि ! तुम्हीं सुख यों पाओ महान्
जावें चण्डाल मदन के बाणों से न प्राण." ३.

. . .

"शशिमुखि ! तव यह लहराती भ्रू काली
युवजन को मूर्छित करनेवाली कराल-काल-व्याली
और दूर करने को युवकों का भय तज्जन्य
तव अधर सीधु-सुधा ही सिद्ध-मंत्र अनन्य." ४.

. . .

"तन्वि ! वृथा
देता तव मौन व्यथा
रच दो अविलंब मधुर पंचम आलाप प्रिये !
सरस दृष्टि से अपनी हर दो यह ताप प्रिये !
सुमुखि ! त्याग दो विमुखी भाव सभी,
छोड़ो मुझको न कभी,
अतिशय ही स्निग्ध स्वयं
मुग्धे ! समुपस्थित लो ! तव प्रियतम." ५.

. . .

"स्निग्ध अधर सखि ! तव बंधूक-पुष्प-द्युति-बांधव,
गंड-युगल में मधूक-छवि अभिनव,
चंडि ! चपल लोचन तव
हरते हैं नीलकमल-कांति-विभव,
नासा में तिल-प्रसून-छवि सुलभा
दांतों में कुंद-प्रभा,
प्रायः कर तव मुख-सेवा सविनय
पुष्पायुध करता है विश्व-विजय." ६.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"आँखें तव मदालसा,
वदन इंदुमती स्वयं,
मंथर गति मनोरमा,
ऊरु न रंभा से कम,
रति ही तव कलावती,
भौंह चित्रलेखा तव,
भू पर ही सखि ! तुममें
स्वर्ग-युवतियां हैं सब." ७.

. . .

करते-करते मत्त कुवलयापीड़ संग रण निर्भर
राधा-पीन-पयोधर-स्मारक गंड-देश से लग्न
नव-भावोदय-मग्न
स्वेद-सिक्त-तन मीलित-लोचन हो जाते हैं क्षण भर
किंतु उसी क्षण देते हैं जब फेंक हस्ति को दूर
"जीता" "जीता" कंस-शोक-ध्वनि उठती है भरपूर—
हरि वे तव
प्रीति बढ़ावें नव नव. ८.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सानन्द गोविन्द

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बहुत-बहुत कर अनुनय
मृगनयनी को कर संप्रीत-हृदय
वेश-रचे केशव को कुंज-शयन-गये देख
संध्या में
दृष्टि-विषय-वंध्या में
उस विषाद-रहिता को
वेशालंकार-क्रिया-सहिता को
राधा को बोली यों सखी एक—. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बीसवां संदर्भ

गीत

"बहुविध चाटु-वचन रचकर चरणों में प्रणति चढ़ा कर
संप्रति बेत-निकुंज गये हरि राजित केलि-शयन पर
मुग्धे ! अनुगत का अनुसरण करो राधिके !. १.

घन-स्तन-जघन-युते ! अब मृदु-गति-मंथर चरण बढ़ाओ,
मुखरित मणि-मंजीर बजाओ मंद मराल लजाओ. २.

अब रमणीय सुनो तरुणीजन-मोहन मधुरिपु-वाणी,
कुसुमायुध-शासन-बंदीजन पिक-कुल-रव कल्याणी. ३.

अनिल-तरल कर-पल्लव से ये लतिकायें तुमको री
प्रेरित-सी करभोरु ! कर रहीं अब न विलंब करो री. ४.

हरि-परिरंभ-अधीर स्फुरित मानों स्मर-वेग-रसों से
जलधारा-सम-विमल-हार-युत पूछो कुच-कलशों से. ५.

समझ रहीं सखियां भी वपु में यह तव रति-रण-सज्जा,
चण्डि ! बजा रसना-रव-डिण्डिम गमन करो तज लज्जा. ६.

गमन करो स्मर-शर-नख-सुंदर कर निज डाल सखी पर
बाट जोहते हरि को दो अवबोध सुना कंकण-स्वर." ७.

श्री जयदेव रचित यह बढ़कर हार तथा रमणी से
हरि में मनवालों की राजे निशिदिन कंठतटी में. ८.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"वह मुझको देख रही, प्रेम कथा बोल रही,
अंग-अंग आलिंगन कर सुख से डोल रही,
रही बोल अस्फुट स्वर
और रही संगम कर
क्रम-क्रम से सोच-सोच यों मन में—
वे तुमको देख रहे, कांप रहे,
पुलकित-आनंदित हो मुक्त नहा स्वेद में अमाप रहे,
तुम्हें भेंटने के हित
अस्थिर उठ रहे और हाय ! हो रहे मूर्च्छित
फिर क्षण में
सखि ! प्रिय तव
तिमिर-पुंज-मय निकुंज में अभिनव." २.

...

आंखों में अंजन की रेख आँज,
कानों में नव तमाल-पुष्प साज,
शिर पर नव नील-कमल-दाम टाँक,
उरसिज पर कस्तूरी-पत्र आँक
सुलोचना
धूर्त्ता अभिसार-विषय-व्यग्र-मना
कामिनियों को निकुंज में असंग
नील-वसन सुंदर-तन
सर्वव्याप्त और सघन
अंधकार करता है आलिंगन अंग-अंग. ३.

...

काश्मीर-गौर-तन-वाली निशाभिसारिकाओं की रेखा
दीपित कर उनकी लावण्य-लेखा
तमाल-दल-सम घन-नील-तिमिर को बना रही
उनके प्रेम-हेम के लिये निकष-उपल-सदृश ही. ४.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुंदर हारावलि की,
कांचन-कांची-गुण की, नूपुर कंकण-मणि की
द्युति से दीपित झलमल
कुंज-निलय जो उसके द्वार देश स्थित अविचल
हरि को लखकर ठिठकी
लाज-भरी राधा से बोली यों प्राण सखी —. ५.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इक्कीसवां संदर्भ

गीत

"मंजुल केलि-निकुंज सदन में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य रभस-रति-हसित वदन ले. १.

नव अशोक-दल-शयन-सार में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य कलश-स्तन-तरल-हार ले. २.

कुसुम-रचित शुचि वास-गेह में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य कुसुम-सुकुमार-देह ले. ३.

मलय-पवन-वन-सुरभि शीत में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य वलित-रति-ललित गीत ले. ४.

विततत-वल्लि-नव-पल्लव-घन में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य अलस-चिर-पीन-जघन ले. ५.

मुदित मधुप-कुलकलित-राव में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य मदन-रस-सरस-भाव ले. ६.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुमधुर-पिक-कुल-नाद-मुखर में
माधव संग राधे ! विहरो जा
रम्य दशन-रुचि-रुचिर-शिखर ले." ७.

सुविहित पद्मा-सुख-समाज में
हे मुरारि ! मंगल शत शत दो
बसो सुकवि जयदेव-राज में. ८.

...

"तुम्हें चित्त में करने के कारण वहन सदा
अतिशय जो श्रांत,
औ अनंग के करने के कारण दहन सदा
तापित जो क्लांत—
चाह रहा पाना तव बिंब-अधर
सुधा-मधुर शीतल चिर,
क्षण के ही लिये अतः
अंक करो शोभित यह,
लव भर-भ्रू-क्षेप-कला-शोभा से क्रीत अहो !
दास-सदृश पादांबुज-सेवी से संभ्रम क्या भला कहो ?" ६.

...

भीति हर्ष दोनों के साथ
हरि पर कर लोलुप दृक्-पात
बजा मधुर मंजुल मंजीर
गई कुंज-गृह में वह धीर. ७.

...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाईसवां संदर्भ

गीत

राधा-वदन-विलोकन से बहु भावावेग-विचंचल
जलनिधि-सा विधु-दर्शन से जो शत-तरंग-उच्छृंखल
हरि एकभाव केवल विलास-चिन्तनपर
राधा ने देखा हर्षित-मुख उनको स्मर-रस-सुंदर. १.

हार विमल मुक्ताफल-युत आलंबित उर में उज्ज्वल
प्रस्फुट-फेन-समूह-सुशोभित ज्यों यमुना-जल निर्मल. २.

गौर-दुकूल-विमंडित सुंदर श्यामल मृदुल कलेवर
विकसित नील नलिन-सा मानों पीत-पराग-पटल-भर. ३.

जनित करे रति-राग वदन जिसमें चल नयन मनोहर
खेल रहे युग-खंजन नील कमल में शरद सरोवर. ४.

वदन-कमल छूने को आये दो रवि-कुंडल अभिनव
उपजाता रति-लोभ कुसुम-स्मित-युक्त अधर का पल्लव. ५.

सकुसुम केश कि जलधर जिससे छूटीं शशि-किरनें कल
चंदन-तिलक तिमिर में मानों स्फुट विधु-मंडल निर्मल. ६.

विपुल-पुलक-कंटकित देह रति-क्रीड़ा के हित व्याकुल
मणि-गण-किरण-समुज्ज्वल भूषण से तन सुंदर संकुल. ७.

श्री जयदेव-रचित रस-भूषण-वैभव द्विगुणित-कारी
सुकृत-सार हरि को उर में धर प्रणमो चिर नर-नारी. ८.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In,Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रियतम-अवलोकन क्षण राधा के नेत्रों के
चंचल तारे जिनके ढलते उन क्षेत्रों के
कर अपांग का अतिक्रम
करने से श्रुति-पथ पर्यन्त गमन का उद्यम
स्वेद-विदुएं उनसे झरीं सुघर—
ऐसे झर पड़े हर्ष-अश्रु निकर. ८.

. . .

कृत्रिम खुजलो छल में हास छिपा प्रेममयी
सखियां जब कुंज-सदन के बाहर चली गयीं
मृगनयनी ने तब जा शयन पास
देखा जब स्मर-शर-आकुल प्रिय का सुभग आस्य—
लज्जा भी तब उनकी
लज्जा-वश दूर भगी. ९.

. . .

जयश्री द्वारा किये गये मंदार कुसुम से अर्चित-से,
गज-रण-रस-उल्लास-पूर्ण सिंदूर रंग से चर्चित-से
बाहु-युद्ध-क्रीड़ा में हत जो गज कुवलयापीड़ दुर्दण्ड
उसके रक्त कणों से मंडित जय प्रचंड हरि के भुजदंड. १०.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुप्रीत पीताम्बर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाहर जब चली गई सखी वृन्द
देख प्रिया राधा को—लाज मंद
निर्भर-स्मर-शर-सुंदर
स्मित से मृदु धुला अधर
सरसित-मन
बार बार पल्लव-नव-शयन ओर क्षिप्त नयन—
बोले हरि
मुर के अरि—. १.

. . .

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तेईसवां संदर्भ

गीत

"किसलय-सुखद-शयन पर कामिनि ! चरण-नलिन निखरें री
तव पद-पल्लव-वैरि पराभव अनुभव आज करें री
क्षण भर अनुगत नारायण को गहो राधिके !. १.

पूजूँ पद तव कर-कमलों से तुम सुदूर से आईं
ग्रहण करो शयनोपरि मुझको नूपुर सम पद-ध्यायी. २.

वदन-सुधानिधि-गलित अमृत-सम वचन मधुर रच दो री
दूर करूं इस विरह-सदृश स्तन-रोधक उर-पट को री. ३.

प्रिय-परिरंभ-अधीर पुलकमय दुर्लभ जो कि निहारो
मम उर पर कुच-कलश धरो, यह मनसिज-ताप निवारो. ४.

अधर-सुधारस से निज सुंदरि ! मृत-सम दास जिलाओ,
मन जिसका तुममें विरहानल-दग्ध-शरीर खिलाओ. ५.

शशिमुखि ! कंठ-वचन-अनुकारी मणि-रसना मुखरा दो,
पिक-स्वर सुन अति विकल श्रवण, दुख उनका दूर करा दो. ६.

